दिन–बुधवार                                                                                    दिनांक– 25 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                                    अवधि – 15 मिनट

---

01. पश्चिम एशिया संकट को लेकर सर्वदलीय बैठक संपन्न। केंद्र सरकार ने सभी दलों से एकजुटता दिखाने का किया आग्रह।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान बक्सर और भोजपुर जिलों को विभिन्न विकास योजनाओं की दी सौगात।

03. बांका सांसद गिरिधारी यादव की सदस्यता समाप्त करने के लिए जदयू ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा पत्र।

04. और, प्रदेश में सत्ताईस मार्च को मनाई जाएगी रामनवमी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की लोगों से की अपील।

————————————————————

पश्चिम एशिया मुद्दे पर आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बैठक में शामिल सभी नेताओं को मौजूदा हालात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। श्री जयशंकर ने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के हालात के बीच भारत अपने हितों की रक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास कर रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सभी दलों से वर्तमान परिस्थितियों से निपटने में सहयोग की अपील की गयी है। उन्होंने बताया कि बैठक में शामिल दलों के नेताओं ने सरकार के साथ सहयोग की बात कही है।

———साउंड बाइट———

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, कांग्रेस नेता तारिक अनवर समेत सीपीआईएम, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के नेता भी बैठक में मौजूद थे।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में छत्तीस करोड़ टन कच्चे तेल के शोधन की क्षमता है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम पर आज नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

———साउंड बाइट———

श्रीमती शर्मा ने कहा कि पिछले पच्चीस दिनों में लगभग ढाई लाख नये पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

———साउंड बाइट———

संयुक्त सचिव ने कहा कि घरेलू गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए राज्य सरकारों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारें दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने उन खबरों और सोशल मीडिया पोस्टों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना – पीएमयूवाई के तहत एलपीजी कनेक्शन के लिए रिफिल बुकिंग की समय सीमा को संशोधित करके पैंतालीस दिन कर दिया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है और मौजूदा रिफिल बुकिंग की समय सीमा अपरिवर्तित है। शहरी क्षेत्रों में ये पच्चीस दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में पैंतालीस दिन बनी हुई है, चाहे कनेक्शन का प्रकार कुछ भी हो। सरकार ने नागरिकों को ऐसी गलत सूचनाओं पर विश्वास न करने और उन्हें प्रसारित न करने की सलाह दी है। साथ ही अनावश्यक या घबराहट में एलपीजी रिफिल बुकिंग से बचने की भी सलाह दी है।

———————————————————————

जदयू ने लोकसभा अध्यक्ष से पार्टी लाइन के विपरित लगातार आचरण के कारण सांसद गिरिधारी यादव की सदस्यता समाप्त करने का अनुरोध किया है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकसभा में जदयू के नेता दिलेश्वर कामत ने इस संबंध में अध्यक्ष को आधिकारिक पत्र सौंपा है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य में चौबीस नवम्बर दो हजार पांच को पहली बार एनडीए की सरकार बनी और तब से यहां कानून का राज है। मुख्यमंत्री श्री कुमार आज समृद्धि यात्रा के दौरान बक्सर जिले के किला मैदान में जनसंवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क समेत विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सहयोग मिल रहा है।

———साउंड बाइट———

इस दौरान मुख्यमंत्री ने बक्सर जिले में पांच सौ बानवे करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिले में भी चार सौ छियासठ करोड़ रूपये की लागत वाली सात सौ बारह परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में संरचनात्मक विकास पर बल दे रही है। बक्सर में समृद्धि यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि जल्द ही कोईलवर से आगे बक्सर तक मरीन ड्राईव का विस्तार किया जाएगा।

———साउंड बाइट———

———————————————————————————

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने सम्राट अशोक के जयंती की पूर्व संध्या पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामना दी है। अपने संदेश में श्री कुमार ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने अपने साहस और स्वप्रेरणा के बल पर देश को एक सूत्र में पीरो दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सम्राट अशोक का धम्म, करूणा और सहिष्णुता का आदर्श एक सशक्त समरस और समृद्ध भारत के निर्माण की प्रेरणा देता है।

———————————————————————————

आकाशवाणी कल से अपने सुबह के प्रसारण की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण से करेगा। स्वतंत्रता के बाद से ही आकाशवाणी के स्टेशनों से सुबह के प्रसारण की शुरुआत में आकाशवाणी धुन के बाद वंदे मातरम के दो श्लोकों के प्रसारण की परंपरा रही है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि गृह मंत्रालय के हालिया दिशा–निर्देश में राष्ट्रगीत के छह श्लोकों को शामिल किया गया है। आकाशवाणी के सभी स्टेशन कल से राष्ट्रगीत का पूर्ण संस्करण प्रसारित करना शुरू कर देंगे। पूर्ण संस्करण की अवधि तीन मिनट दस सेकंड है। प्रसारित होने वाला पहला संस्करण प्रसिद्ध हिंदी शास्त्रीय गायक पंडित चंद्रशेखर वाजे द्वारा राग देस में गाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संगीत विविधता को प्रदर्शित करने के लिए छह श्लोकों

वाले वंदे मातरम के क्षेत्रीय संस्करण भी रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। इन संस्करणों को संबंधित राज्यों में स्थित आकाशवाणी स्टेशनों द्वारा अपनाया जाएगा।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति मैट्रिक परीक्षा के परिणाम जारी करने से पहले संभावित टॉपरों के सत्यापन का कार्य कल से शुरू करेगा। बोर्ड ने ऐसे उम्मीदवारों को पटना स्थिति समिति कार्यालय में आमंत्रित किया है। इस दौरान उनकी हैंडराईटिंग का भी मिलान किया जाएगा।

———————————————————————

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिलों में बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाने के लिए दवा खिलाने की अभियान की शुरूआत की। अररिया के जिलाधिकारी विनोद दुहन ने रहिका टोला में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों को अल्वेंडाजोल की खुराक देकर अभियान की शुरूआत की। इधर, अरवल के बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस छात्राओं को कृमि नाशक दवा खिलाकर अभियान की शुरूआत की।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत राज्य के विभिन्न स्थानों पर तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण सत्ताईस मार्च से प्रदेश के उत्तर–पूर्व, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर आंधी–बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की आशंका के मद्देनजर विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। वहीं, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, बक्सर और भोजपुर समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है।

———————————————————————

चिपको आंदोलन दिवस के अवसर पर आज बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने महान पर्यावरणविदों को नमन किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने चिपको आंदोलन के प्रणेता चंडी प्रयाद भट्ट, प्रमुख पर्यावरणविद सुंदर लाल बहुगुणा समेत

प्रमुख पर्यावरण रक्षकों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री कुमार ने कहा कि यह दिवस हमें वन, जल और धरती की रक्षा कर मानव सेवा के लिए प्रेरित करता है।

———————————————————————

प्रदेश में रामनवमी का त्योहार शुक्रवार सत्ताईस मार्च को मनाया जाएगा। इसे लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पटना स्थित महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव सायन कुणाल ने बताया कि इस अवसर पर भक्तों के दर्शन के लिए महावीर मंदिर का पट कल रात दो बजे खोल दिया जाएगा। साथ ही तीस एलईडी स्क्रिन के माध्यम से श्रद्धालुओं को दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। श्री कुणाल ने बताया कि पटना में बावन स्थानों से भव्य झांकियां भी निकाली जायेंगी।

———साउंड बाइट———

इधर, प्रशासन ने इस दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि सभी चौक—चौराहों और महत्वपूर्ण स्थानों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही आज चार दिवसीय महापर्व चैती छठ का महाअनुष्ठान संपन्न हो गया। व्रतियों ने गंगा, गंडक, कोसी, बागमती, सरयू, महानंदा सहित अन्य नदी घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर पारन किया।

———————————————————————

रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के भड़कुड़िया गांव के पास एक चार पहिया वाहन और मोटरसाईकिल की टक्कर में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————

कैमूर जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के जोगिया वीर बाबा के पास एक ऑटो नीलगाय से टकरा कर पलट गया। इस हादसे में ऑटो सवार दो लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. पश्चिम एशिया संकट को लेकर सर्वदलीय बैठक संपन्न। केंद्र सरकार ने सभी दलों से एकजुटता दिखाने का किया आग्रह।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान बक्सर और भोजपुर जिलों को विभिन्न विकास योजनाओं की दी सौगात।

03. बांका सांसद गिरिधारी यादव की सदस्यता समाप्त करने के लिए जदयू ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा पत्र।

04. और, प्रदेश में सत्ताईस मार्च को मनाई जाएगी रामनवमी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की लोगों से की अपील।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।